यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 50, सं. 1, मुंबई, जनवरी-मार्च, 2025
VOL. 50, No.1, Mumbai, January-March, 2025

यूनियन धारा

50

स्वर्णिम वर्ष

गृह पत्रिका • House Magazine of

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

गृह पत्रिका • House Magazine of
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक
Union Bank of India
Good people to bank with

यूनियन धारा Union Dhara

प्रकाशन तिथि- 14.05.2025

जिल्द. 50, सं. 1, मुंबई, जनवरी-मार्च, 2025
VOL. 50, No.1, Mumbai, January-March, 2025

मुख्य संरक्षक / Chief Patron

ए. मणिमेखलै,
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

A. Manimekhalai
Managing Director & CEO

संरक्षक / Patrons

नितेश रंजन
कार्यपालक निदेशक
Nitesh Ranjan
Executive Director

रामसुब्रमणियन एस.
कार्यपालक निदेशक
Ramsubramanian S.
Executive Director

संजय रुद्र
कार्यपालक निदेशक
Sanjay Rudra
Executive Director

पंकज द्विवेदी
कार्यपालक निदेशक
Pankaj Dwivedi
Executive Director

मुख्य संपादक / Chief Editor

चन्द्र मोहन मिनोचा
मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं)
Chander Mohan Minocha
Chief General Manager (HR)

संपादकीय सलाहकार / Editorial Advisors

ए. के. विनोद
मुख्य महाप्रबंधक
A.K. Vinod
Chief General Manager

अरुण कुमार
मुख्य महाप्रबंधक
Arun Kumar
Chief General Manager

विट्ठल बनशंकरी
महाप्रबंधक
Vithal Banashankari
General Manager

संपादकीय सलाहकार / Editorial Advisors

अम्बरीष कुमार सिंह
उप महाप्रबंधक
Ambarish Kumar Singh
Dy. General Manager

विवेकानंद
सहायक महाप्रबंधक (रा.भा.)
Vivekanand
Asst. General Manager (OL)

संपादक / Editor

गायत्री रवि किरण
मुख्य प्रबंधक (रा.भा.)
Gayathri Ravi Kiran
Chief Manager (OL)

संपादकीय सहयोग / Editorial Support

जागृति उपाध्याय
सहायक प्रबंधक (रा.भा.)
Jagriti Upadhyay
Asst. Manager (OL)

मोहित सिंह ठाकुर
सहायक प्रबंधक (रा.भा.)
Mohit Singh Thakur
Asst. Manager (OL)

परिदृश्य
PERSPECTIVE

प्रिय यूनियनाइट्स,

"यूनियन धारा" के इस अंक के माध्यम से आपसे जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है. पिछली तिमाही की उपलब्धियों पर विचार करते हुए, मुझे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सुदृढ़ता, समर्पण और साझे उद्देश्य पर गर्व और अभिमान हो रहा है.

परिवर्तनशील और अनिश्चित समष्टि आर्थिक परिवेश के बावजूद, बैंक ने सामर्थ्य, स्थिरता और संवहनीय विकास जारी रखा है. वित्तीय वर्ष 2025 के लिए ₹17,987 करोड़ का निवल लाभ, जो अब तक का सर्वाधिक है, और आस्ति गुणवत्ता, पूंजी पर्याप्तता और प्रतिफल अनुपात जैसे प्रमुख मापदंडों में बढ़ोत्तरी के साथ, हमारा कार्य-निष्पादन कार्यनीतिक अनुशासन और परिचालन उत्कृष्टता को दर्शाता है.

संवहनीय और समावेशी विकास के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2026 के लिए हमने "राइज़" को अपनी कार्यनीतिक थीम के रूप में अपनाया है. "राइज़" पहल हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को समाहित करती है:

- खुदरा जमा आधार – खुदरा, स्थिर जमा के माध्यम से हमारी नींव को मजबूत करना
- आय का प्रवाह- ब्याज और गैर-ब्याज आय में लगातार वृद्धि को बढ़ावा देना
- दबावग्रस्त आस्तियां - पोर्टफोलियो में दबाव को सक्रिय रूप से प्रबंधित और कम करना
- सहभागिता - ग्राहकों और कर्मचारियों के संबंधों को गहरा करना

कार्यनीतिक फ़ोकस, वर्ष भर हमारे मार्गदर्शक ढांचे के रूप में काम करेगा, और हमारे परिचालन प्रयासों को दीर्घकालिक उद्देश्यों और संस्थागत मूल्यों के साथ संरेखित करने में सहायक होगा.

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 1 मई, 2025 से यूनियन बैंक को, नए समामेलित आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक को प्रायोजित करने का दायित्व सौंपा गया है - एक ऐसा दायित्व जो ग्रामीण सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है.

आगे बढ़ने के क्रम में हम बदलते परिवेश को तेज़ी से अपना रहे हैं. केंद्रीकरण, वर्टिकलाइज़ेशन और डिजिटल परिवर्तन पर केंद्रित हमारी कार्यनीति सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करने में हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी.

मैं आपके अटूट विश्वास और योगदान के लिए आप सभी का धन्यवाद करती हूँ. आइए हम नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें.

शुभकामनाओं सहित

ए. मणिमेखलै
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Dear Unionites,

It gives me immense pleasure to connect with you through this edition of "Union Dhara". As we reflect on the journey of the past quarter, I am filled with a deep sense of pride and appreciation for the resilience, dedication and shared purpose that define Union Bank of India.

Despite a dynamic and often uncertain macroeconomic environment, Bank has continued to demonstrate strength, stability, and sustainable growth. With a net profit of ₹17,987 crore for FY25, the highest ever in our history and improvements across key parameters such as asset quality, capital adequacy, and return ratios, our performance reflects the power of strategic discipline and operational excellence.

In keeping with our vision to drive sustainable and inclusive growth, we have introduced our strategic theme for the year FY26 – "RISE". The "RISE" initiative encapsulates our collective commitment to:

- Retail Deposit Base – Strengthening our foundation through granular, stable deposits
- Income Streams – Driving consistent growth across interest and non-interest income
- Stress Assets – Proactively managing and reducing stress in the portfolio
- Engagement – Deepening relationships with both customers and employees

This strategic focus will serve as our guiding framework throughout the year, helping us align our operational efforts with long-term objectives and institutional values.

I am also pleased to share that Union Bank has been entrusted with sponsoring the newly amalgamated Andhra Pradesh Grameena Bank, effective May 1, 2025—a responsibility that reinforces our commitment to rural empowerment and financial inclusion.

As we move ahead, we remain agile in adapting to the evolving landscape. Our strategy—centered on Centralisation, Verticalization, and Digital Transformation—will continue to guide us in delivering value across stakeholders.

I thank each one of you for your unwavering trust and contribution. Let us move forward with renewed energy, confidence, and commitment to excellence.

with best wishes,

A. Manimekhalai
Managing Director & CEO

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

"यूनियन धारा" के स्वर्ण जयंती वर्ष के प्रथम अंक के माध्यम से आपको संबोधित करते हुए मुझे खुशी हो रही है. इस अवसर पर बैंक की द्विभाषी गृह पत्रिका के प्रकाशन के 50 वर्षों की सुदीर्घ यात्रा के दौरान अपना योगदान देनेवाले लेखकों और संपादकीय मंडल के सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूँ.

इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत करते हुए, बैंक ने ₹25 ट्रिलियन कारोबार और ₹35,000 करोड़ परिचालन लाभ के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं .

इस वर्ष की थीम, "राइज़" हमारे उद्देश्यों के सार को सटीक रूप से दर्शाती है - खुदरा कारोबार वृद्धि, आय सृजन, स्ट्रेस प्रबंधन और सहभागिता. इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, हमें एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए. हमें अपने जमा आधार को बढ़ाने, अपने विवेकाधिकार के तहत ऋण संवितरण और आस्ति गुणवत्ता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. इसके अतिरिक्त, हमें शुल्क-आधारित सेवाओं और उत्पादों के माध्यम से नए राजस्व स्रोत विकसित करने की आवश्यकता है.

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) भारत में उद्यमशीलता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक रही है. मैं हमारी शाखाओं से आग्रह करता हूँ कि इस योजना के तहत मुद्रा ऋण संवितरण में बैंक की पिछली सफलता को आगे बढ़ाते हुए व्यापक ऋण सहायता प्रदान करें.

ग्राहक सेवा उत्कृष्टता हमारे बैंक का प्रमुख ध्येय है. मैं फ्रंटलाइन स्टाफ को सलाह देता हूँ कि ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्मार्ट समाधान प्रदान करने के महत्व को समझें और बैंक के उत्पादों का बेहतर विपणन करें. साथ ही ग्राहकों से संवाद बढ़ाने हेतु प्रयास करें तथा उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान करें. ऐसा करके, हम अपनी विश्वसनीयता बढ़ा सकते हैं और अपने ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बना सकते हैं.

वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में, जब विनियामक अनुपालन, सांविधिक लेखा-परीक्षा और कर्मचारियों के स्थानांतरण आदि कारणों से व्यस्तता बढ़ जाती है, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये गतिविधियाँ हमारे कारोबार के लिए गतिरोध न बनें. अत:, हमें शुरू से ही अपने कारोबारी लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रगतिशील विकास के लिए प्रयास करना चाहिए.

मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयासों से, हम इस वर्ष को अपने बैंक के लिए उल्लेखनीय बना सकते हैं. एक सफल और लाभप्रद वित्तीय वर्ष-2026 हेतु शुभकामनाएं.

शुभकामनाओं सहित

(नितेश रंजन)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

I am delighted to address you through the first issue of the Golden Jubilee year of "Union Dhara". I congratulate the writers and members of the editorial board, who have contributed to the publication of bank's bilingual house magazine during the past 50 years.

As we embark on this financial year, bank has set ambitious targets of ₹25 trillion in business and ₹35,000 crore in operating profit.

This year's theme, "RISE" aptly captures the essence of our objectives - Retail business growth, Income generation, Stress Management, and Engagement. To achieve these targets, we must adopt a proactive approach. We should focus on growing our deposit base, disbursing loans under our discretionary powers, and improving asset quality. Additionally, we need to develop new revenue streams through fee-based services and products.

Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) has been instrumental in promoting entrepreneurship and financial inclusion in India. I urge our branches to offer extensive credit support under this scheme, building on our bank's past successes in disbursing Mudra loans.

Customer service excellence is a core objective of our bank. I advise our frontline staff to understand the significance of delivering smart solutions that meet our customers' needs and ensure better marketing of bank's products. Simultaneously make efforts for better interaction with them, resolve their complaints promptly. By doing so, we can enhance our reliability and build enduring relationships with our customers.

As we navigate the first quarter of the financial year, which is often riddled with regulatory compliance, statutory audit, and staff transfers, we must ensure that these activities do not hinder our business growth. Hence, we should strive for progressive growth from the outset by focusing on achieving our business targets every day.

I am confident that with our collective efforts, we can make this year remarkable for our bank. Best wishes for a successful and profitable FY-26.

with best wishes,

(Nitesh Ranjan)
Executive Director

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

"यूनियन धारा" के अद्यतन अंक के माध्यम से आपके साथ मेरे विचार साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है. मैं उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत स्टाफ सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ.

वित्तीय वर्ष 25 में बैंक का कार्यनिष्पादन अच्छा रहा. हमने अंतिम तिमाही में परिश्रम किया और अग्रिम में बढ़ोत्तरी हासिल की. कासा में भी ₹ 30,000 करोड़ तक की वृद्धि देखी गई, जो उद्योग स्तर पर अल्प लागत जमाओं में कमी को देखते हुए प्रशंसनीय है. हमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी इस गति को बनाए रखना होगा.

हमने इस वर्ष का प्रारंभ एक शुभ पहल के साथ किया है यथा शुभ आरंभ अभियान जिसका लक्ष्य आरडी खातों में प्रथम माह में ₹ 1500 करोड़ और वर्ष के अंत तक ₹ 18000 करोड़ की वृद्धि है. इस अभियान का उद्देश्य जमा संग्रहण, ग्राहक आधार में वृद्धि और बाजार में उपस्थिति बढ़ाना है. यह जमाराशियों में निरंतर और संवहनीय वृद्धि में योगदान करेगा.

कॉर्पोरेट और एमएसएमई क्षेत्रों में भी अच्छी वृद्धि देखी गई है. मैं शाखाओं को सलाह दूंगा कि इन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान दें. बैंक द्वारा कारोबार में वृद्धि दर्ज करने हेतु प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है. मैं शाखा प्रमुखों से आग्रह करता हूँ कि नियमित आधार पर प्रत्यायोजित शक्तियों के तहत ऋण मंजूर कर बैंक की कारोबार वृद्धि में भागीदार बनें.

बैंक ने हमारे शाखा नेटवर्क के संवर्धन हेतु 4 नए अंचल कार्यालय, 6 नए क्षेत्रीय कार्यालय, 2 क्षेत्रों के पुनर्सरेखन तथा क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं के पुनर्गठन कर संरचनात्मक पुनर्संरचना की है. इस बदलाव से प्रशासनिक पर्यवेक्षण और परिचालन सुगमता के साथ-साथ बेहतर निगरानी, अनुपालन और बैंक के समग्र लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में सुधार संभव हो पाएगा.

चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, अनुकूल मुद्रास्फीति परिदृश्य और सामान्य वृद्धि के रहते भारतीय रिज़र्व बैंक की नीति वृद्धि हेतु आलंबन प्रदान करता है. मुझे विश्वास है कि यूनियनाइट्स वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु बैंक के विज़न और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करेंगे और हम ₹ 25 ट्रिलियन कारोबार और ₹ 35,000 करोड़ परिचालनिक लाभ के दोहरे लक्ष्य को पार करेंगे.

शुभकामनाओं सहित

(रामसुब्रमणियन एस.)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

I am delighted to share my thoughts with you through this latest issue of "Union Dhara". I extend heartfelt congratulations to the staff members who have achieved elevation to higher grade.

The Banks performance for the FY-25 was good. We have worked hard in the last quarter and seen good growth in advances. CASA has also increased to the tune of ₹ 30,000 crores, which is commendable given the overall industry scenario of reduction in low cost deposits. We must continue this momentum in the current financial year also.

We have started this year on an auspicious note with शुभ आरंभ a campaign for growth in RD accounts aimed at ₹ 1500 Crs in the first month and total ₹ 18000 crs by the year end. This campaign aims to mobilize deposits, increase customer base and enhance our market presence. This will contribute to consistent and sustainable deposit growth.

Corporate and MSME sector have also shown good growth. I would advise the branches to focus more on these sectors. Usage of delegated powers is imperative for bank to show growth in advances. I urge branch heads to show more participation in the business growth of the bank by exercising their delegated powers on a regular basis.

Bank has undertaken an organizational restructuring exercise by opening 4 new Zonal Offices, 6 new Regional offices, remapping of 2 regions and reorganization of ROs and branches for optimizing our branch network. These changes will enable better monitoring, compliance and improved alignment with Bank's overall goals while strengthening administrative oversight and streamlining operations.

In challenging global economic conditions, benign inflation outlook and moderate growth RBI policy focus remains on supporting growth. I am sure that unionites shall work in tandem with the Bank's vision and goals for the current year, we shall surpass the twin aspirations of ₹ 25 trillion business and ₹ 35000 crores operational profit.

with best wishes,

(Ramsubramanian S.)
Executive Director

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

सर्वप्रथम, "यूनियन धारा" पत्रिका के 50वें वर्ष में प्रवेश करने पर सभी सुधी पाठकों एवं रचनाकारों को हार्दिक बधाई एवं संपादक मंडल को ढेरों शुभकामनाएं. आशा है आगे भी यह पत्रिका सभी पाठकों का ज्ञानवर्धन करती रहेगी और स्टाफ सदस्यों की रचनाशीलता को निखारने में सदैव योगदान करती रहेगी.

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु हाल ही में संपन्न पदोन्नति प्रक्रिया में सफल सभी यूनियनाइट्स को हार्दिक बधाई एवं उनके नए असाइनमेंट हेतु शुभकामनाएं. स्थानांतरण भी बैंकर के जीवन का एक अभिन्न अंग है. आप जिस नई जगह पर जा रहे हैं वहाँ पर बैंक के कारोबार विकास में लक्ष्य के अनुरूप बढ़ोत्तरी के साथ-साथ बैंक की छवि निर्माण में भी अपना सर्वोत्तम योगदान करें.

यूनियनाइट्स अपना वार्षिक अप्रेज़ल समय से अवश्य पूरा कर लें. ज्ञान में वृद्धि करना तथा इसे निरंतर अद्यतन करना आज के समय में आवश्यक है. अतः आप सभी पहली तिमाही से ही यूनियन विद्या ऐप में अपना निर्धारित पाठ्यक्रम एवं परीक्षा को समय पर पूरा करें. शाखा में सर्वोत्तम प्रथा को अपनाए जाने एवं अनुभवों को सभी के साथ साझा करने हेतु बैंक द्वारा साप्ताहिक आधार पर प्रकरण अध्ययन परिचालित किए जाते हैं ताकि बैंक में इसकी पुनरावृत्ति न हो. आप सभी इसका अध्ययन अवश्य करें और बैंक के परिपत्रों का भी अध्ययन करते रहें.

बैंक ने लीक से हटकर कई कर्मचारी हितैषी पहल किए हैं. सशक्तिपूर्ण समावेश के इस क्रम में दिव्यांग कर्मचारी सुश्री छोंजिन अंगमो को, जो अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस के बल पर एवरेस्ट की चोटी पर विजय प्राप्त करने हेतु चल पड़ी है, बैंक ने सहयोग स्वरूप ₹ 56 लाख प्रदान किए हैं.

बैंक ने हाल ही में एलबीओ की भर्ती के परिणाम जारी किए हैं. इस भर्ती से जहाँ एक ओर हमारे जनबल में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर स्थानीय भाषा में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने से उनके साथ बैंक के आत्मीय संबंध भी विकसित होंगे जो हमारे ग्राहक आधार और हमारे कारोबार को नई ऊँचाईयों पर ले जाने में सहायक होंगे.

मैं आप सभी को एक सफल वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु शुभकामनाएं देता हूँ.

शुभकामनाओं सहित

(संजय रुद्र)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

At the outset, as "Union Dhara" embarks on its 50th year, I congratulate our readers and writers and extend best wishes to the editorial board. I hope this magazine shall continue to enrich the readers and contribute to hone the creativity of the staff members.

I congratulate all unionites, who have achieved success in the recently completed promotion process for the FY 2025-26 and extend best wishes for their new assignment. Transfer is also an integral part of a banker's life. Strive to improve bank's business as per the business targets and contribute in improving bank's brand image in your new place of posting.

Unionites should invariably complete the annual appraisal process in time. It is imperative that we improve our knowledge and make efforts to remain updated. Hence, all of you should try to complete the specified courses and exams in Union Vidya App from the first quarter itself. Case studies are circulated on weekly basis with a view to foster adoption of best practices by branches and sharing experiences, thereby avoiding recurrence of these instances in the bank. I urge all of you to go through the same and the bank's circulars.

Bank has implemented many innovative staff welfare programmes. Embodying the spirit of empowerment and inclusivity, bank has extended aid of ₹ 56 lakhs to our divyang staff Ms. Chhonzin Angmo, who is all set to scale Mt. Everest with courage, resilience and determination.

Bank has recently released the results of LBO recruitment. This recruitment will not only strengthen our workforce but also fortify our customer relations by providing service in local language, thereby increasing our clientele and facilitate in augmenting our business.

I extend best wishes to all of you for a successful financial year 2025-26.

with best wishes,

(Sanjay Rudra)
Executive Director

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

आप सभी को मेरा नमस्कार. आशा है कि आप स्वस्थ्य एवं उत्साहपूर्ण होंगे.

हमारे बैंक की प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट गृह-पत्रिका "यूनियन धारा" इस वर्ष अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रही है, जो हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है. "यूनियन धारा"- हमारे बैंक की संस्कृति, मूल्यों और उपलब्धियों की जीवन्त अभिव्यक्ति रही है. पिछले पाँच दशकों में इस पत्रिका ने कर्मचारियों के विचारों, अनुभवों और रचनात्मकता को एक साझा मंच प्रदान किया है. इसकी पृष्ठभूमि में निहित समर्पण, संवाद और प्रेरणा की भावना ने इसे एक मजबूत संगठनात्मक सेतु के रूप में स्थापित किया है. इस स्वर्णिम अवसर पर, हम सभी को इस परंपरा को और अधिक समृद्ध बनाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि "यूनियन धारा" आने वाले वर्षों में भी हमारी सामूहिक यात्रा का सशक्त साक्षी बनी रहे.

बैंक ने "यूनियन जागृति" नामक एक विस्तृत कार्ययोजना की परिकल्पना की है. "यूनियन जागृति" का उद्देश्य संवृद्धि, सुदृढ़ता, सत्यनिष्ठा, विश्वास और समावेशन प्राप्त करना है. इस अभियान के माध्यम से बैंक ग्राहकों को केवल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं के बारे में शिक्षित करने तथा उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त और जागरूक बनाना चाहता है. बैंक का मानना है कि एक जागरूक ग्राहक ही एक सशक्त अर्थव्यवस्था का निर्माण कर सकता है, और इसी विचारधारा के साथ "यूनियन जागृति" की नींव रखी गई है.

बैंक संवहनीय वृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है. इसके लिए, आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु नए-खातों की नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है, जो हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है. मजबूत आस्ति गुणवत्ता बैंक की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करती है और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को भी सुनिश्चित करती है. अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अनुपालन से संबंधित समस्त दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें.

मौजूदा कारोबार में वृद्धि, विशेषकर कासा जमाराशियों में सुधार, हमारे बैंक की आय, ग्राहक संतुष्टि और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है. हमें उच्च निवल मूल्य वाले ग्राहकों (एचएनआई) की ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि व्यक्तिगत सेवाओं द्वारा दीर्घकालिक संबंध स्थापित कर सकें.

मैं आप सभी से यह भी आग्रह करता हूँ कि केवल नियमों का पालन ही नहीं, बल्कि उसके पीछे की भावना को भी आत्मसात करें. सत्यनिष्ठा, समर्पण और सहयोग की भावना से किया गया कार्य ही संगठन की सफलता की असली कुंजी है.

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह अंक आप सभी के लिए प्रेरणा और जानकारी का एक महत्वपूर्ण स्रोत सिद्ध होगा और हम सब मिलकर अपने बैंक को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर करेंगे.

शुभकामनाओं सहित

(पंकज द्विवेदी)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

Greetings to all of you. I hope you are in great health and good spirits.

It is a matter of immense pride and joy for all of us that our Bank's prestigious in-house corporate magazine "Union Dhara" is celebrating 50th anniversary this year. "Union Dhara"- has been a living expression of our Bank's culture, values, and achievements. Over the past five decades, the magazine has provided a common platform to showcase employees' thoughts, experiences, and creativity. The spirit of dedication, communication, and inspiration behind it has made it a strong organizational bridge. On this golden occasion, let us all resolve to enrich this tradition further so that "Union Dhara" continues to reflect our collective journey in the years to come.

The Bank has envisioned a comprehensive initiative called "Union Jagriti." This initiative stands for 'Journey to Achieve-Growth, Resilience, Integrity, Trust, and Inclusion. Through this campaign, the Bank aims not only to educate customers about banking products and services but also to empower and make them financially aware. The Bank believes that an informed customer is key to building a strong economy, and it is this belief that laid the foundation of "Union Jagriti."

Bank is on a sustained growth path. In this regard, the new accounts should be monitored regularly to maintain asset quality which is our collective responsibility. Strong asset quality reinforces the Bank's reputation and ensures long term financial stability. Moreover, it is essential that we strictly adhere to all compliance related guidelines.

Expanding our existing business, especially improving CASA deposits, is a powerful way to boost income, customer satisfaction, and competitiveness. We must also focus on high-net-worth individuals (HNIs) to build long-term relationships through personalized services.

I urge all of you to not only follow the rules but also embrace the spirit behind them. Work done with integrity, dedication, and a sense of collaboration is the true key to the success of any organization.

I am confident that this issue will serve as an important source of inspiration and knowledge for all of you, and together we will continue to take our bank to new heights.

with best wishes,

(Pankaj Dwivedi)
Executive Director

संपादकीय
EDITORIAL

प्रिय पाठकगण,

"यूनियन धारा" के स्वर्ण जयंती वर्ष का पहला अंक प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत गर्व का अनुभव हो रहा है.

"यूनियन धारा" आंतरिक संवाद के सशक्त माध्यम के रूप में, अर्ध-शताब्दी की सुदीर्घ अवधि से बैंक के विकास की साक्षी बनी हुई है. उच्च प्रबंधन की विचारधारा को शाखाओं की कर्मभूमि में फलीभूत करने में "यूनियन धारा" की भूमिका है. इसी प्रकार यूनियनाइट्स के विचार, अनुभव, सृजनात्मकता की ओजस्वी वाणी को यूनियन धारा के अंतर्गत एक कारगर मंच मिला है. उच्च प्रबंधन की अपेक्षाओं और दृष्टिकोण का समाहार और यूनियनाइट्स की वाणी का संप्रेषण करते हुए यूनियन धारा ने संवाद सेतु स्थापित किया है.

स्टाफ के लेखन कौशल को बढ़ावा देने तथा गुणवत्तापूर्ण लेख आदि प्राप्त करने हेतु प्रत्येक कार्यालय में संवाददाता का नामांकन, प्रत्येक अंक में उत्कृष्ट लेख तथा उत्कृष्ट कविता का चयन, वार्षिक आधार पर उत्कृष्ट लेख / कविता / फोटो प्रविष्टि / सेंटर स्प्रेड का चयन, 'स्टार संवाददाता' सम्मान जैसी अनेक सकारात्मक पहल के साथ यूनियन धारा की सृजनात्मक यात्रा आगे बढ़ रही है. यूनियन धारा के अंतर्गत नियमित रूप से बैंकिंग के विभिन्न आयाम, भारतीय संस्कृति के विविध पहलु, भौगोलिक विशेषताओं पर आधारित विशेषांक प्रकाशित किए जा रहे हैं.

गृह पत्रिकाओं के अविरल प्रकाशन में संपादकीय सलाहकार समिति के कार्यपालकों की अहम भूमिका है. संपादकीय सलाहकारों के कुशल नेतृत्व में गृह पत्रिका की विषय-वस्तु में नवीनता, कलेवर में निखार और समग्र रूप से रुचिकर अंकों का प्रकाशन संभव हुआ है.

"यूनियन धारा" का यह अंक एक सामान्य अंक है, जिसमें हम वैविध्यपूर्ण लेखों का संकलन प्रस्तुत कर रहे हैं. इस अंक से गृह पत्रिका की स्वर्णिम विरासत के निर्माण में योगदान देने वाले हमारे वरिष्ठों के प्रति सम्मान स्वरूप 'अतीत के झरोखों से' स्थायी स्तंभ हेतु 4 पन्ने आबंटित किए गए हैं.

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से "यूनियन धारा" में नवाचार और समावेशिता के योग के साथ उत्कृष्टता बनाए रखने की मुहिम जारी रहेगी. हमें आपके बहुमूल्य सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी.

भवदीया

(गायत्री रवि किरण)

Dear Readers,

We take immense pride in presenting the first issue of the golden jubilee year of "Union Dhara".

As a powerful medium of internal dialogue, "Union Dhara" has been a witness to the bank's growth story over the past half a century. "Union Dhara" plays a role in bringing the ideology of top management to fruition at field level. Similarly, Union Dhara provides an effective platform to unionites for expressing their ideas, experiences and creativity. It encompasses the expectations and views of the top management and communicates the voice of the unionites, thereby establishing an effective communication channel.

Union Dhara's creative journey is progressing with many positive initiatives such as nomination of correspondent in each office to promote the writing skills of the staff and obtain quality articles, selection of best article and best poem in each issue, selection of best article/poem/photo entry/center spread on annual basis, 'Star Correspondent' award etc. Special issues focussed on various aspects of banking, diverse facets of the Indian culture, geographical specials etc., are being published at regularly.

Executives of the Editorial Advisory Committee play an important role in the continued publication of the house magazine. Novelty of contents, refinement of the format and curation of interesting issues is made possible under the guidance of the editorial advisors.

The present issue of "Union Dhara" is a general issue, wherein we are presenting a compilation of curated articles. Commencing with this issue 4 pages are allotted for a new feature titled 'अतीत के झरोखों से' as a tribute to our seniors who have contributed to the Golden legacy of this house magazine.

We are confident that with your support, "Union Dhara" shall continue the endeavour to maintain excellence with innovation and inclusiveness. We look forward for your valuable suggestions.

Yours sincerely,

(Gayathri Ravi Kiran)

गृह पत्रिका • House Magazine of

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

यूनियन धारा Union Dhara

प्रकाशन तिथि- 14.05.2025

जिल्द. 50, सं. 1, मुंबई, जनवरी-मार्च, 2025
VOL. 50, No.1, Mumbai, January-March, 2025

अनुक्रमणिका

- बधाई, विदाई 01
- वैश्विक कर अनुपालन और पारदर्शिता 02
- Poem - My Mother 04
- एनआरआई बैंकिंग 05
- कविता - अंत: रण – महारण 06
- स्विफ्ट – विश्वव्यापी वित्तीय दूरसंचार सोसाइटी 07
- चक्षु पोर्टल 08
- सीएसआर गतिविधियां 09
- Agility quotient in customer service 11
- कविता - फूल गुलमोहर 12
- Agile Methodology 13
- Power of Financial Health Segmentation 15
- Poem - Blooming Flowers 17
- Climate Risk: From Obscurity to the Open 18
- कविता - बैंक - एक अनमोल धरोहर 20
- उद्घाटन गतिविधियां 21
- Learning and Development Ecosystem in Banks 23
- कविता - सत्य मीमांसा 25
- The Art of Delegation 26
- हमें गर्व है 28
- Growth Mindset and Continuous Learning 29
- शुभमस्तु 30
- From Ambiguity to Achievement 31
- सेंटर स्प्रेड 33
- Emotional Intelligence 35
- Her Finance, Her Future 37
- पुरस्कार एवं सम्मान 39
- 5Rs - Habits Worth Embracing 40
- मेगा एमएसएमई आउटरीच कैंप 41
- जीवनदायिनी नर्मदा नदी 43
- फेस इन यूबीआई क्राउड 45
- यात्राएं क्यों महत्वपूर्ण हैं? 47
- Let Food Be Thy Medicine 48
- Heritage Industries of Phulia 49
- A Fateful Discovery 51
- अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी प्रतियोगिता के विजेता 52
- महिला दिवस समारोह 53
- The Hidden Messages in Water 55
- कविता - मेरा मोबाइल 56
- सेवानिवृत्त जीवन से 57
- बाल प्रतिभा 58
- अतीत के झरोखों से 59
- प्रतियोगिता 173 63
- समाचार / खेल गतिविधियां 64
- आपकी पाती 73

ई-मेल E-mail: uniondhara@unionbankofindia.bank | gayathri.ravikiran@unionbankofindia.bank
Tel.: 022-41829288 | Mob.: 9849615496

यूनियन धारा में प्रकाशित लेख आदि में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं और प्रबंधन का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.
The views expressed in the articles published in Union Dhara are solely that of the author and do not necessarily reflect the views of the management.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आंतरिक परिचालन हेतु प्रकाशित.
Published by Union Bank of India for internal circulation

हार्दिक बधाई

दिनांक 28.03.2025 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै को आईबीए के उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया.

विदाई

श्री लक्ष्मण एस उप्पर दिनांक 22.03.2022 से 20.03.2025 तक बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के पद पर कार्यरत रहे. आप इंजीनियरिंग में स्नातक हैं. आप एक शिक्षाविद हैं. आप कर्नाटक एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, धारवाड़ के संस्थापक हैं तथा वर्ष 2012 में आपने स्पर्धा स्फूर्ति पब्लिशर्स एवं प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, धारवाड़ की शुरुआत की. आप क्लासिक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, क्लासिक लिटिल बड्स तथा क्लासिक पीयू एवं डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष हैं. आपको शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में दी गई सेवाओं के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है. दिनांक 20.03.2025 को कार्यावधि की समाप्ति पर श्री लक्ष्मण एस. उप्पर को सम्मानित करते हुए श्री श्रीनिवासन वरदराजन, अध्यक्ष तथा सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ.

दिनांक 17.03.2025 को आईबीए द्वारा आयोजित ईज़ 6.0 पुरस्कार समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को उच्च कार्यनिष्पादन बैंक श्रेणी में तीसरा स्थान तथा 04 थीम यथा ग्राहक सेवा, कर्मचारी & एचआर अनुपालन, एनालिटिक्स-चालित प्रगति तथा प्रौद्योगिकी एवं डेटा क्षमता के अंतर्गत दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है. पुरस्कार प्राप्त करते हुए सुश्री ए. मणिमेखलै प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री नितेश रंजन, श्री रामसुब्रमाणियन एस, श्री संजय रुद्र तथा श्री पंकज द्विवेदी, कार्यपालक निदेशकगण तथा अन्य कार्यपालक.

वैश्विक कर अनुपालन और पारदर्शिता

लंबे समय से कर चोरी, आय और संपत्तियों की गैर-रिपोर्टिंग या कम रिपोर्टिंग जैसे मुद्दों ने सरकारों और कर अधिकारियों को परेशान किया है. सरकारों से अपनी आय छिपाने के लिए व्यक्ति और समूह अलग-अलग हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें से एक दूसरे देशों में बैंक खाते खोलना भी शामिल है. उदाहरण के लिए, एक अमेरिकी नागरिक सिंगापुर में एक बैंक खाता खोलेगा और अपनी आय का कुछ हिस्सा सिंगापुर खाते में जमा करेगा ताकि अमेरिकी सरकार द्वारा कर से बचा जा सके, जहाँ वह कर निवासी है.

वर्तमान वैश्विक वित्तीय परिदृश्य में, कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कर चोरी रोकने के लिए कई उपाय अपनाए गए हैं. इनमें से दो प्रमुख वैश्विक मानक हैं – फटका - विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (FATCA-Foreign Account Tax Compliance Act) और सीआरएस (CRS-Common Reporting Standard). फटका अमेरिका द्वारा लागू किया गया एक कर अनुपालन अधिनियम है, जबकि सीआरएस एक अंतरराष्ट्रीय मानक है जिसे कर संबंधी सूचना के स्वतः आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है.

फटका क्या है?

विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (फटका) (Foreign Account Tax Compliance Act (FATCA) अमेरिका का एक संघीय कानून है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी करदाताओं द्वारा विदेशी वित्तीय संस्थानों (एफएफआई) के माध्यम से कर चोरी को रोकना है. यह कानून विदेशी वित्तीय संस्थानों को बाध्य करता है कि वे अमेरिकी करदाताओं के खातों की जानकारी आंतरिक राजस्व सेवाएं (Internal Revenue Service - IRS) को रिपोर्ट करें. भारत ने अमेरिका के साथ अंतर सरकारी समझौता (Intergovernmental Agreement -IGA) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे भारतीय बैंक अमेरिकी खाताधारकों की जानकारी भारत सरकार को प्रदान करते हैं, जो बाद में इसे अमेरिकी अधिकारियों को भेजती है. सरल शब्दों में, बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को उन लोगों की पहचान करनी होती है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के कर निवासी हैं, तथा आधिकारिक रूप से स्वीकृत चैनल के माध्यम से उनके खाते की जानकारी अमेरिकी सरकार को देनी होती है.

सीआरएस क्या है?

सामान्य रिपोर्टिंग मानक-सीआरएस (Common Reporting Standard - CRS) एक वैश्विक मानक है, जिसे आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (Organisation for Economic Co-operation and Development-OECD) द्वारा विकसित किया गया है. सीआरएस का उद्देश्य कर चोरी को रोकना और वैश्विक वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देना है. यह विभिन्न देशों के बीच वित्तीय जानकारी के स्वतः आदान-प्रदान की प्रक्रिया को सक्षम बनाता है.

फटका एक अमेरिकी अधिनियम है. फटका के जवाब में ओईसीडी देशों द्वारा सीआरएस की शुरुआत की गई थी. जब अमेरिकी सरकार ने निर्णय लिया और दुनिया भर में अपने कर निवासियों द्वारा रखे गए खातों की जानकारी मांगी, तो ओईसीडी देशों ने महसूस किया कि पारदर्शिता लाने और अपने कर निवासियों द्वारा कर चोरी को रोकने के लिए, इस तरह के डेटा की आवश्यकता है. इसलिए देशों के बीच ऐसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कई अंतर-सरकारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए.

भारत सीआरएस को अपनाने वाले शुरुआती देशों में से एक है.समझौतों में प्रवेश करने के बाद, भारत सरकार ने आयकर अधिनियम में कुछ बदलाव किए और उसके बाद, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने फटका के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और अधिसूचनाएँ जारी कीं.

फटका और सीआरएस के उद्देश्य:

- **कर चोरी रोकना:** फटका और सीआरएस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यक्ति अपने विदेशी वित्तीय संपत्तियों को छुपा न सकें.
- **वैश्विक कर पारदर्शिता:** दोनों मानकों के माध्यम से कर प्रशासन को वित्तीय लेन-देन की जानकारी प्राप्त होती है, जिससे कर अनुपालन को मजबूती मिलती है.
- **बैंकों की जवाबदेही:** वित्तीय संस्थानों को अपने ग्राहकों की कर निवास (Tax Residency) की जानकारी रखने और इसे संबंधित कर प्राधिकरण को रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है.
- **वित्तीय अनुपालन लागत में वृद्धि:** भारतीय बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को अपने सिस्टम और प्रक्रियाओं में बदलाव करने पड़े हैं, जिससे अनुपालन लागत में वृद्धि हुई है.
- **व्यक्तिगत ग्राहकों पर प्रभाव:** जिन व्यक्तियों के पास विदेशी खाते हैं, उन्हें अब अपनी कर निवास स्थिति की रिपोर्टिंग करनी होती है, जिससे उनकी कर योजना और वित्तीय प्रबंधन पर प्रभाव पड़ा है.

भारत की फटका यात्रा:



भारत सरकार ने फटका पर 9 जुलाई 2015 को हस्ताक्षर किए थे. इसके अलावा, भारत सरकार ने सीआरएस (सामान्य रिपोर्टिंग मानक) पर 3 जून 2015 को हस्ताक्षर किए थे. इन दोनों समझौतों के माध्यम से, भारत सरकार ने विदेशी बैंक खातों में रखे गए धन की जानकारी साझा करने और कर चोरी को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.

सीबीडीटी भारत में फटका /सीआरएस के कार्यान्वयन का नेतृत्व कर रहा है. इस उद्देश्य के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सीबीडीटी द्वारा जारी किए गए हैं. सेबी, आरबीआई, आईआरडीए जैसे अन्य नियामकों ने विनियमों के अनुपालन के लिए वित्तीय संस्थानों को सक्रिय रूप से निर्देश जारी किए हैं.

भारतीय बैंकिंग प्रणाली पर फटका और सीआरएस प्रभाव: भारतीय बैंकों को फटका और सीआरएस अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- **फटका घोषणा अनिवार्य:** सभी नए और मौजूदा खाताधारकों से फटका/ सीआरएस घोषणा लेना अनिवार्य है.
- **कर निवास की पहचान:** प्रत्येक ग्राहक का कर निवास सत्यापित करना और उसे दर्ज़ करना बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए अनिवार्य है.
- **टीआईएन की आवश्यकता:** यदि खाताधारक किसी अन्य देश में करदाता है, तो उसका टीआईएन प्राप्त करना बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए आवश्यक है.
- **डेटा रिपोर्टिंग:** बैंकों को प्रत्येक वर्ष 31 मई तक पिछले कैलेंडर वर्ष की फटका और सीआरएस रिपोर्ट आयकर विभाग को प्रस्तुत करनी होती है. निर्धारित समय में डेटा रिपोर्टिंग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए अनिवार्य है.

किसी व्यक्ति के कर निवास को सत्यापित करने के लिए टीआईएन नंबर महत्वपूर्ण है. तथापि, ऐसी परिस्थितियाँ होंगी जैसे:

- कर निवास का देश टीआईएन जारी नहीं करता है
- कर निवास का देश टीआईएन जारी करता है, लेकिन ग्राहक को इसे प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है
- कर निवास का देश टीआईएन जारी करता है, लेकिन ग्राहक इसे प्राप्त करने के योग्य नहीं है
- कर निवास का देश टीआईएन जारी करता है, लेकिन ग्राहक को इसे प्राप्त करना बाकी है
- ग्राहक ने टीआईएन प्राप्त कर लिया है, लेकिन मेजबान देश में व्यक्तिगत डेटा गोपनीयता कानूनों के कारण बैंक को इसे प्रदान करने में असमर्थ है

इसके अतिरिक्त, विदेश में अध्ययन करने गए छात्र, विदेशी राजनयिक, व्यापारी नाविक और अनिवासी आश्रितों को टीआईएन नंबर प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं हो सकती है. ऐसे सभी मामलों के लिए बैंक सिस्टम में चिह्नित करने के लिए आंतरिक दिशा-निर्देश निर्धारित करेगा क्योंकि उपरोक्त मामलों में टीआईएन पर जोर नहीं दिया जा सकता है. साथ ही, चूंकि फटका और सीआरएस प्रकटीकरण एक स्व-प्रमाणन है, इसलिए शाखाएँ ग्राहक की घोषणा के आधार पर विवरण दर्ज कर सकती हैं. इस आशय के दस्तावेजी साक्ष्य अनिवार्य नहीं हैं.

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में फटका और सीआरएस अनुपालन:

भारतीय बैंकों को फटका और सीआरएस अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने होते हैं:

डेटा संग्रहण:

- नए और मौजूदा खाताधारकों से फटका /सीआरएस घोषणा अनिवार्य रूप से प्राप्त करें.
- ग्राहक की कर निवास स्थिति सत्यापित करें.
- यदि खाताधारक किसी अन्य देश में करदाता है, तो उसका टीआईएन प्राप्त करें.

रिपोर्टिंग प्रक्रिया:

- भारतीय बैंकों को प्रत्येक वर्ष 31 मई तक पिछले कैलेंडर वर्ष की फटका और सीआरएस रिपोर्ट आयकर विभाग को प्रस्तुत करनी होती है.
- रिपोर्टिंग फॉर्म 61B में डेटा प्रस्तुत किया जाता है.
- डेटा की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को अपने सिस्टम में उचित प्रविष्टियां करनी होती हैं.

अनुपालन न करने पर दंड:

फटका के तहत गैर-अनुपालन से वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों तरह की लागतें आती हैं.

- यदि कोई विदेशी वित्तीय संस्थान फटका अनुपालन नहीं करता है, तो गैर-अनुपालन करने वाले विदेशी वित्तीय संस्थानों (एफएफआई) या गैर-भागीदारी करने वाले एफएफआई को 30% कर रोक (Withholding Tax) का सामना करना पड़ सकता है.
- गैर-अनुपालन करने वाले एफएफआई को अमेरिकी वित्तीय संस्थानों के साथ संवाददाता बैंकिंग संबंधों की समाप्ति का सामना करना पड़ सकता है.

- गैर-अनुपालन एफएफआई की प्रतिष्ठा और व्यापार में नुकसान पहुंचा सकता है.

घरेलू स्तर पर, भारतीय कर अधिकारी सूचना न देने पर प्रतिदिन 100 रुपये का जुर्माना भी लगाएंगे. यदि बैंक नोटिस दिए जाने के बाद भी सूचना देने में विफल रहते हैं, तो जुर्माना बढ़कर 500 रुपये प्रतिदिन हो जाता है.

इसके अतिरिक्त, गलत डेटा दाखिल करने पर 50000 रुपये का जुर्माना है.

भारतीय वित्तीय संस्थानों के लिए फटका /सीआरएस की चुनौतियाँ:

- **प्रणालीगत परिवर्तन:** फटका और सीआरएस अनुपालन के लिए बैंकों को अपने सिस्टम को अपडेट करना पड़ता है. इसके लिए कई तरह की मंजूरी की जरूरत होती है और इसमें कई तरह की परेशानियां भी शामिल हैं.
- **डेटा गोपनीयता:** कर सूचना साझा करने की प्रक्रिया में डेटा सुरक्षा एक प्रमुख चिंता है. बैंक अपने ग्राहकों की जानकारी गोपनीय रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन फटका और सीआरएस प्रतिबद्धताओं के तहत बैंकों को ग्राहकों का डेटा बाहरी एजेंसियों के साथ साझा करना पड़ता है, जिससे उनके बुनियादी सिद्धांतों के साथ टकराव होता है.
- **लागत में वृद्धि:** अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय संस्थानों को उच्च लागत वहन करनी पड़ती है. चूंकि सिस्टम अपग्रेडेशन की जरूरत है, इसलिए इसमें भारी निवेश की जरूरत है. साथ ही, सॉफ्टवेयर के अपग्रेडेड वर्जन को चलाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत होती है, जिससे लागत और बढ़ जाती है.

भविष्य की संभावनाएँ: फटका और सीआरएस अनुपालन न केवल कर प्रशासन को सशक्त बनाएंगे बल्कि भारत को एक अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार वित्तीय प्रणाली की ओर अग्रसर करेंगे. आने वाले समय में:

- स्वचालित डेटा विश्लेषण और एआई आधारित अनुपालन प्रणालियों का विकास होगा.
- बैंकों में डिजिटल ट्रैकिंग और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा.
- सीआरएस के अंतर्गत और अधिक देशों का समावेश हो सकता है, जिससे वैश्विक वित्तीय पारदर्शिता और बढ़ेगी.

फटका और सीआरएस वैश्विक कर अनुपालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल हैं, जो कर चोरी को रोकने और वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मदद करती हैं. भारतीय बैंकिंग प्रणाली को इन मानकों का पालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे, जिससे वित्तीय प्रणाली मजबूत हो और वैश्विक स्तर पर भारत की विश्वसनीयता बढ़े. इन मानकों का प्रभावी कार्यान्वयन न केवल कर प्रशासन को सशक्त बनाएगा, बल्कि भारत को एक अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार वित्तीय प्रणाली की ओर अग्रसर करेगा.

मनु पाण्डेय
यू.एल.ए., गुरुग्राम

My Mother

Whenever I'm in despair,
She takes me in her arms and
brightens my eyes;
Then she appears to me
As an angel in disguise.
The entire world is a shrub
Of nostalgic relations,
For me she is the deity
who gives me affection.
She is the fairy who stays
awakened till my last sight,
Till I sleep she takes me
in her lap all night.
In every walk of life
She teaches meaningful lessons,
Like- 'If you do the same
What's the difference my son'.
Always from obstacles,
She rescues me by magical tools:
Whenever I feel at sea
Or surrounded by whirlpool.
She is my friend, family
And like aromatic jasmine tree,
For me from my birth,
My first love is She.
To justify her godliness,
My dictionary has no term.
The world needs the Almighty,
But I only need- MY MUM.

Shivangi Gupta
R.O., Patna

एनआरआई बैंकिंग

भारतीय बैंकों के लिए समृद्धि का एक प्रमुख स्तंभ

आज की परस्पर जुड़ी और वैश्वीकृत दुनिया में, अनिवासी भारतीय (एनआरआई) बैंकिंग भारतीय बैंकिंग प्रणाली की आधारशिला के रूप में उभरी है. लाखों भारतीयों के विदेश में रहने के कारण, इन व्यक्तियों और भारतीय बैंकों के बीच वित्तीय संबंध काफी बढ़ गए हैं. यह खंड अब बुनियादी प्रेषण सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब इसमें बैंकिंग उत्पादों, निवेश के अवसरों और वित्तीय सलाहकार सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है. एनआरआई बैंकिंग न केवल भारतीय बैंकों को विकास हासिल करने में सहायता करती है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

1. **स्थिर जमा का स्रोत:** भारतीय बैंकों में एनआरआई बैंकिंग का सबसे महत्वपूर्ण योगदान स्थिर और दीर्घकालिक जमाओं का प्रवाह है. एनआरआई अपनी कमाई के लिए सुरक्षा और आकर्षक प्रतिलाभ चाहते हैं और भारतीय बैंक एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करते हैं. एनआरआई (अनिवासी भारतीय) और एफसीएनआर (विदेशी मुद्रा अनिवासी) खाते जैसे जमा उत्पाद विशेष रूप से एनआरआई की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें अर्जित करते समय उनका धन सुरक्षित रहता है.

- **एनआरआई जमा:** ये खाते एनआरआई को अपनी विदेशी कमाई को भारतीय बैंकों में जमा करने की अनुमति देते हैं, जिसमें धन की पूर्ण वापसी और भारत में कर-मुक्त ब्याज शामिल है.
- **एफसीएनआर जमा:** एनआरआई विदेशी मुद्रा में जमा रख सकते हैं, विनिमय दर जोखिमों को खत्म कर सकते हैं और स्थिर प्रतिलाभ सुनिश्चित कर सकते हैं. ये जमा न केवल आकार में महत्वपूर्ण हैं, बल्कि आम तौर पर लंबी अवधि के लिए बनाए रखे जाते हैं, जिससे बैंकों को घरेलू ऋण और निवेश के लिए आवश्यक चलनिधि और स्थिरता मिलती है.

2. **विदेशी मुद्रा का प्रवाह:** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एनआरआई बैंकिंग का प्रमुख योगदान है, जो भारतीय रुपये की स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है. एनआरआई हर साल अपने परिवारों को अरबों डॉलर भेजते हैं और भारत में निवेश करते हैं. ये फंड सीधे तौर पर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ावा देते हैं, जिससे देश अपने व्यापार घाटे को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होता है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बैंक सक्रिय रूप से एनआरआई को विभिन्न उपकरणों, जैसे बॉण्ड और इक्विटी में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि इन प्रवाहों को उत्पादक उपयोग में लाया जा सके. विदेशी मुद्रा का यह स्थिर प्रवाह वैश्विक वित्तीय प्रणाली में भारत की स्थिति को भी मजबूत करता है, आर्थिक लचीलापन सुनिश्चित करता है और निवेशकों के विश्वास को बढ़ावा देता है.

3. **शुल्क-आधारित आय का स्रोत:** भारतीय बैंकों के लिए, एनआरआई बैंकिंग से संबंधित शुल्क-आधारित सेवाएं एक आकर्षक राजस्व स्रोत बन गई हैं.

- **प्रेषण सेवाएं:** एनआरआई अक्सर भारत में अपने परिवारों को पैसा भेजते हैं, और बैंक त्वरित एवं सुरक्षित प्रेषण समाधान प्रदान करने के लिए मामूली शुल्क लेते हैं. डिजिटलीकरण के साथ, प्रक्रिया और भी अधिक निर्बाध हो गई है, जिससे अधिक ग्राहक आकर्षित हो रहे हैं.
- **निवेश और सलाहकार सेवाएँ:** बैंक एनआरआई को म्यूचुअल फंड, सरकारी बॉण्ड और शेयर बाजार सहित भारतीय वित्तीय उत्पादों में निवेश करने के अवसर प्रदान करते हैं. मध्यस्थों के रूप में कार्य करके, बैंक एनआरआई को अपने निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हुए पर्याप्त शुल्क अर्जित करते हैं.

  इसके अतिरिक्त, उच्च मालियत एनआरआई को बैंकों द्वारा दी जाने वाली कर सलाह, संपत्ति योजना और धन प्रबंधन जैसी सेवाएं राजस्व को और बढ़ाती हैं.

4. **रियल एस्टेट और ऋण सेवाएँ:** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एनआरआई के लिए सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक है. बैंक अनुकूलित ऋण उत्पाद और सहायता सेवाएँ प्रदान करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

- **गृह ऋण:** कई एनआरआई भारत में आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों में निवेश करते हैं. बैंक विशेष रूप से एनआरआई के लिए डिज़ाइन की गई प्रतिस्पर्धी गृह ऋण योजनाएं प्रदान करते हैं, जो सुचारू वित्तपोषण विकल्प सुनिश्चित करते हैं.
- **सलाहकार सेवाएँ:** बैंक भारत में संपत्ति कानूनों और विनियमों की जटिलताओं को सुलझाने में एनआरआई की सहायता करते हैं, जिससे निवेश प्रक्रिया अधिक सुलभ हो जाती है.

  इस प्रकार के लेनदेन को सुविधाजनक बनाकर, बैंक न केवल अपनी ऋण बहियों को मजबूत करते हैं बल्कि रियल एस्टेट बाजार के विकास में भी योगदान देते हैं.

5. **क्रॉस-सेलिंग के अवसर:** एनआरआई, विशेष रूप से उच्च मालियत वाले व्यक्ति (एचएनआई) श्रेणी में, बैंकों को क्रॉस-सेलिंग वित्तीय उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं. बैंक एनआरआई को बीमा पॉलिसी, सेवानिवृत्ति योजना और पारस्परिक निधियां (म्यूचुअल फंड) निवेश जैसी कई मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करते हैं. संरचित वित्तीय नियोजन के प्रति बढ़ती प्राथमिकता के साथ, एनआरआई पोर्टफोलियो प्रबंधन और अनुकूलित निवेश समाधानों के लिए बैंकों पर भरोसा करते हैं. सेवाओं का यह विविधीकरण बैंकों को अपने राजस्व प्रवाह को बढ़ाने के साथ-साथ एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने की अनुमति देता है.

6. **भारत के विकास में योगदान:** एनआरआई बैंकिंग के सबसे प्रभावशाली पहलुओं में से एक राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका है. एनआरआई जमा और निवेश के माध्यम से जुटाई गई पूंजी को बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगाया जाता है. इससे न केवल भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी आती है बल्कि नौकरियां भी पैदा होती हैं और औद्योगिक उत्पादकता को बढ़ावा मिलता है. इसके अतिरिक्त, एनआरआई बैंकिंग अविकसित क्षेत्रों और उद्योगों को समर्थन देने के लिए बहुत जरूरी विदेशी पूंजी लाकर वित्तीय समावेशन को सक्षम बनाता है.

एनआरआई बैंकिंग भारतीय बैंकिंग प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गई है, जो विकास और आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे रही है. यह एनआरआई और उनकी मातृभूमि के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनका योगदान भारत के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालता है. बैंकों के लिए, एनआरआई बैंकिंग जमा, राजस्व और वैश्विक विस्तार के अवसरों का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान करती है.

